<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 02.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज रांची को देंगे कई विकास योजनाओं की सौगात, कल्वर्ट निर्माण, पीसीसी पथ और सांस्कृतिक मंच की रखेंगे आधारशिला।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में पेसा कानून लागू होने से ग्रामीणों को मिलेगा उनका अधिकार, सशक्त होगी स्वशासन की भावना।**
3. **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया–घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की कीमतों में नहीं हुआ है कोई बदलाव।**
4. **रांची समेत राज्यभर में ठंड का प्रकोप जारी, मौसम विभाग ने कल से कई इलाकों में फिर से शीतलहर चलने की जतायी आशंका।**
5. **रांची में चल रही महिला हॉकी इंडिया लीग के एक रोमांचक मुकाबले में श्राची बंगाल टाइगर्स ने एसजी पाइपर्स को 4–3 से हराया, शूटआउट के सडन डेथ में हुआ फैसला।**

******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज रांची को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे। वे आज रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 10 में कल्वर्ट निर्माण की आधारशिला रखेंगे जबकि वार्ड नम्बर छह में पीसीसी पथ का शिलान्यास करेंगे। श्री सेठ नगड़ी पंचायत की साहेर पंचायत में सांस्कृतिक मंच की भी बुनियाद रखेंगे।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में पेसा नियमावली लागू कर दी गयी है, जिससे ग्रामसभाओं को जल, जंगल और जमीन पर निर्णय लेने का अधिकार मिलेगा। राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर सरकार इसे स्वशासन की मजबूती और विकास की नई राह मान रही है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा है कि पेसा नियमावली को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए राज्यव्यापी अभियान चलाया जाएगा।

******************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में एक सौ ग्यारह रुपये की वृद्धि संबंधी मीडिया की खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण आया है। मंत्रालय ने कहा कि व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमत बाज़ार तय करता है और यह अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क से जुड़ी हुई है।

******************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन जल्द ही गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आने वाले दिनों में इस रुट पर पहली वंदे भारत ट्रेन स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे।

उन्होंने नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन 15 अगस्त 2027 को शुरू होने की संभावना है। श्री वैष्णव ने बताया कि यह बुलेट ट्रेन अहमदाबाद और मुंबई के बीच चलेगी।

******************

हजारीबाग जेपी केंद्रीय कारा से तीन कैदियों के फरार होने के मामले में जेल प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। लापरवाही के आरोप में ड्यूटी पर तैनात दो हेड वार्डन हरेंद्र महतो और उमेश सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। इधर, एसपी ने एसआईटी गठित कर झारखंड और बिहार में छापेमारी शुरू कर दी है।

******************

देवघर जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 1 से 31 जनवरी 2026 तक चलने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस वर्ष का अभियान सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन विषय पर आधारित है। इस कड़ी में जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी के नेतृत्व में नंदन पहाड़ पार्क में सड़क सुरक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें पर्यटकों को सुरक्षित ड्राइविंग के बारे में जानकारी दी गयी।

******************

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के अंतर्गत गांव की ज़रूरत का कोई भी काम कराया जा सकता है, लेकिन यह फैसला ग्राम सभा करेगी। श्री चौहान ने आज महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के लोनी बुद्रुक में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों और श्रमिकों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि अब मज़दूरी एक सप्ताह के भीतर देना अनिवार्य बनाया गया है। अगर 15 दिन में भुगतान नहीं हुआ, तो मज़दूरों को शून्य दशमलव शून्य पांच प्रतिशत अतिरिक्त मज़दूरी ब्याज के रूप में मिलेगी।

******************

इस बीच प्रदेश कांग्रेस ने इस अधिनियम को गरीब विरोधी बताया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि इस अधिनियम के खिलाफ 5 जनवरी को रांची में बापू वाटिका से लोकभवन तक विरोध मार्च निकाला जायेगा।

*******************

प्रदेश कांग्रेस के विरोध पर भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु ने तंज कसा है। उन्होंने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर कांग्रेस द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भाजपा 8 से 10 जनवरी तक राज्य भर में गांव–गांव जाकर चौपाल और बैठकें आयोजित करेगी और नयी योजना की खूबियों से जनता को अवगत करायेगी।

*******************

सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका ने वर्ष 2026 का अवकाश कैलेंडर जारी किया है। रांची लोकभवन की यूनिफॉर्म सूची के अनुसार, इस वर्ष शिक्षकों को 86 दिन और कर्मचारियों को 66 दिन की छुट्टियां मिलेंगी। इस सूची में कुल 10 रविवारों को अवकाश के रूप में शामिल किया गया है।

*******************

राज्य में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग के अनुसार कल से रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में फिर शीतलहर चलने की संभावना है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। इससे कनकनी बढ़ने का अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

रांची में चल रही महिला हॉकी इंडिया लीग के एक रोमांचक मुकाबले में श्राची बंगाल टाइगर्स ने एसजी पाइपर्स को 4–3 से हरा दिया। निर्धारित समय तक मैच 3–3 की बराबरी पर रहा। बाद में शूटआउट में श्राची बंगाल टाइगर्स ने एसजी पाइपर्स को हरा दिया। मुकाबला इतना रोमांचक रहा कि शूटआउट भी सडन डेथ तक पहुंच गया।

*******************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने खरसांवा गोलीकांड के 78वें शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शामिल होने की खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर की सुर्खी है**–खरीफ का 21 करोड़ अटका, 57 हजार किसानों ने नहीं कराया रबी का बीमा।

**हिन्दुस्तान लिखता है**–राज्य के वित्त रहित इंटर कॉलेजों में अब समानुपात में बढ़ेंगी सीटें।

**प्रभात खबर के शब्द हैं**–जमशेदपुर में टाटा स्टील करेगी 10 हजार करोड़ का निवेश।

**दैनिक जागरण ने लिखा है**–सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी नियुक्ति प्रक्रिया रद्द।

**अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने** स्विटजरलैंड में नए साल के जश्न में हुए ब्लास्ट में 47 लोगों की मौत की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*************समाप्त****************